
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

24 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कमजोर लोग कभी माफ़ नहीं करते, माफ़ी


मजबूत लोगों का गुण है।

महात्मा गांधी



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


24 जनवरी 2025
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी
सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता।
- स्वामी विवेकानंद
Vishwa Vijay Singh
www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

# दिवस ज्ञान

24 जनवरी

Email us : teachersofbihar@gmail.com

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार 24 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"अच्छा काम करते रहो, कोई सम्मान करे या न करे, सूर्योदय तब भी होता है जब करोड़ों लोग सोये होते हैं।"

## आज के दिन

1556– सीढ़ीयों से गिरने से मुगल शासक हुमायूँ का निधन।

1826– प्रथम भारतीय बैरिस्टर ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का जन्म।

1857– भारत के कोलकाता शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता की स्थापना की गई।

1862– बुखारेस्ट को रोमानिया की राजधानी बनाया गया।

1924– रूस के पेट्रोगाद का नाम बदलकर लेनिनग्राद कर दिया गया।

1950– डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति बने।

1951– प्रेम माथुर भारत कीपहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं।

1952– पहला अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह भारत में मुम्बई में हुआ।

1966– होमी जहाँगीर भाभा का निधन

2011– पंडित भीमसेन जोशी का निधन

1. **कर्पूरी ठाकुर का जन्म–** कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 ई. को समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गाँव (कर्पूरी ग्राम) में हुआ था। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने 26 महीने जेल में बिताये थे। वह 22 दिसम्बर, 1970 से 2 जून, 1971 तथा 24 जून, 1977 से 21 अप्रैल, 1979 ई. के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। किसान, मजदूरों, शोषित, दलित और पिछड़ों के हक की लड़ाई को इन्होंने बहुत आगे बढ़ाया। इन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी और इसमें सफल हुए। अपने इन्हीं गुणों एवं सेवा–भाव के कारण ये बिहार के जन–जन के नेता हो गये। इन्होंने अपने जीवन काल में जनता के लिए आगे बढ़कर कार्य किया इसलिए इन्हें 'जननायक' कहा गया। इन्हें सर्वोच्च भारतीय सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया है।
   - **संदर्भ:** हिन्दी के शिक्षक **किसलय भाग 3, पाठ 19** के संदर्भ में बच्चों को कर्पूरी ठाकुर की जीवनी के बारे में बच्चों को बतायें।
2. **राष्ट्रीय बालिका दिवस–** राष्ट्रीय बालिका दिवस पहली बार वर्ष 2008 में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी। लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा के महत्त्व, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करना आदि के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने वर्ष 2009 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।
   - **क्या करें?** इस अवसर पर लड़कियों को घरेलू हिंसा से बचाव, उनके अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बाल विवाह, लड़कियों से छेड़छाड़ व दहेज उत्पीड़न जैसी समस्याओं तथा किशोरियों को सशक्त बनाने संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करें।
   - **संदर्भ: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन भाग 2, पाठ 4–5** के संदर्भ में अथवा **सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ शनिवार के विषय** के आलोक में बच्चों से चर्चा करें।
3. **राष्ट्रगान का अंगीकार–** संविधान सभा के बारहवें तथा अंतिम सत्र के अंतिम दिन दिन 24 जनवरी, 1950 ई0 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित 'जन–गण–मन' को भारत के गणतंत्र के राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** आज आप बच्चों को राष्ट्रगान के महत्व, इसकी उत्पति की कहानी, राष्ट्रगान के समय नियम आदि के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान करें। आज आप राष्ट्रगान गायन का प्रैक्टिस भी कर सकते है।
   - **संदर्भ: पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 22** के संदर्भ में चर्चा करें।
4. **उत्तर प्रदेश दिवस–** 24 जनवरी 1950 को 'यूनाइटेड प्रॉविन्सेज ऑफ आगरा एंड अवध' का नाम बदलकर 'उत्तर प्रदेश' रखा गया था। इसलिए 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है। क्षेत्रफल की दृष्टि के आधार पर चौथा सबसे बड़ा राज्य है। राज्य के उत्तर में उत्तराखण्ड तथा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान, दक्षिण में मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ और पूर्व में बिहार तथा झारखंड राज्य स्थित हैं।
5. **तारीफ दिवस (काम्प्लिमेंट डे )–** अमेरिका में आज नेशनल काम्प्लिमेंट डे मनाया जाता है। इसकी शुरूआत सन् 1998 में हुई थी। इस दिवस को मनाने की परंम्परा हाप किंटन के कैम्बेर्लिन एवं काउवर्ड के डेवीहाफमैन ने शुरू किया था।

# दिवस विशेष

24 जनवरी

मधु प्रिया

## राष्ट्रगान का अंगीकार दिवस 24 जनवरी




भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' है। ये एक ऐसा गाना है जो किसी भी देश के इतिहास और परंपरा को दर्शाता है। ये देश को एक अलग पहचान के साथ सभी देशवासियों को एकजुट भी करता है। 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा द्वारा'जन गण मन' के हिन्दी संस्करण को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया था। उसी दिन से पूरे भारत वर्ष में इस दिन को राष्ट्रगान अंगीकार दिवस के रूप में हम सभी मनाते है। जन गण मन' राष्ट्रगान को रविन्द्रनाथ टैगोर ने बंगाली भाषा में लिखा था। राष्ट्रगान के गायन की अवधि 52 सेकेण्ड है, परन्तु कुछ अवसरों पर इसको संक्षिप्त में भी गाया जाता है, जिसमें केवल 20 सेकेण्ड ही लगते हैं क्योंकि उस समय राष्ट्रगान की पहली और अंतिम पंक्तियों को ही गाया जाता है। वर्ष 1911 तक भारत की राजधानी बंगाल हुआ करती थी। 1905 में जब बंगाल विभाजन हुआ तो आम जनता एवं आंदोलनकारी बंग-भंग आंदोलन का विरोध करने लगे, तब अंग्रेजो ने कलकत्ता के बदले दिल्ली को भारत की राजधानी बनाया। धीरे-धीरे भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की भावना जागृत होने लगी थी और तभी कलकत्ता के एक कोने में एक गीत "जन गण मन अधिनायक जय हे" का जन्म हुआ जिसे तत्कालीन कवि रविंद्रनाथ टैगोर ने बंगाली में एक कविता के रूप में लिखा था।



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री

# जननायक कर्पूरी ठाकुर जी

**कर्पूरी ठाकुर** (24 जनवरी 1924 - 17 फरवरी 1988) एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने बिहार के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए , पहले दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल 1979 तक। वे **जन** नायक के नाम से लोकप्रिय थे। 26 जनवरी 2024 को, उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया ।

# दिवस प्रेरणा 24



## कर्पूरी ठाकुर

( बिहार के दूसरे मुख्यमंत्री, समाजसेवी )

### ट्युशन पढ़ाकर पढ़ाई पुरी की ...

**संघर्ष**

पितौंझिया गाँव से समस्तीपुर के स्कूल वे रोज पैदल ही जाते थे। ट्यूशन पढ़ाकर कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। ये स्नातक की शिक्षा पूरी कर रहे थे लेकिन 1942 ई. के भारत छोड़ो आन्दोलन में कूद पड़ने के फलस्वरूप, अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड दी। सामान्य परिवार में पैदा हुए कर्पूरी ठाकुर के समक्ष परिजनों के भरण–पोषण की जिम्मेदारी थी। परिवार की आर्थिक कठिनाईयों के कारण इन्होंने शिक्षक की नौकरी की। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने 26 महीने जेल में बिताये थे। मुख्यमंत्री होते हुए भी ये आम आदमी की तरह सादा जीवन जीते थे। मुख्यमंत्री रहते उनकी सरकारी गाड़ी पर सायरन नहीं होता था। उनके साथ स्कार्ट पार्टी नहीं होती थी।

**सफलता**

इन्होंने आम आदमी की अगुआई की। किसान, मजदूरों, शोषित, दलित और पिछड़ों के हक की लड़ाई को इन्होंने बहुत आगे बढ़ाया। इन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी और इसमें सफल हुए। इन्होंने अपने जीवन काल में जनता के लिए आगे बढ़कर कार्य किया इसलिए इन्हें 'जननायक' कहा गया। कर्पूरी ठाकुर 1967 ई. में उपमुख्यमंत्री और 1970 ई. में बिहार के मुख्यमंत्री बने। 1977 ई. में लोकसभा के सांसद भी चुने गये। 24 जून, 1977 से 21 अप्रैल, 1979 ई. तक दूसरी बार ये बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.01.2025

## लर्निंग कर्व

लर्निंग कर्व एक ग्राफिकल प्रतिनिधित्व है जो इस बात का संबंध दर्शाता है कि लोग किसी कार्य में कितने कुशल हैं और उनके पास कितना अनुभव है। प्रवीणता (ऊर्ध्वाधर अक्ष पर मापी गई) आमतौर पर बढ़े हुए अनुभव (क्षैतिज अक्ष) के साथ बढ़ती है, यानी जितना अधिक कोई व्यक्ति, समूह, कंपनियां या उद्योग किसी कार्य को करते हैं, कार्य में उनका प्रदर्शन उतना ही बेहतर होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**हैदराबाद मेट्रो** ने स्वास्थ्य के क्षेत्र मे एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दरअसल, हैदराबाद मेट्रो **एम्बुलेंस** के रूप में **13 किलोमीटर** की दूरी को सिर्फ 13 मिनट में पूरा किया और **हार्ट ट्रांसप्लांट** के लिए दिल पहुंचाया।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 504

**जननायक कर्पूरी ठाकुर दूसरी बार मुख्यमंत्री किस वर्ष बने?**

A. वर्ष 1970

B. वर्ष 1975

C. वर्ष 1977

D. वर्ष 1980



www.teachersofbihar.org

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### सिलिकॉन (Silicon)

संकेत (symbol) - **Si**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -14

समूह (group)-14

परमाणु भार A. weight -28.084


आवर्त (period)-3

ब्लाक (block)-P

संयोजकता (valancy)-4

समस्थानिक (Isotope)-5

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$[Ne]3s^2 3p^2$




### खोज

1823, जोन्स जैकब बर्जेलियस

### भौतिक गुण

नीला भूरा रंग, कठोर, भंगुर टेट्रावेलेंट मेटेलॉयड

### रासायनिक गुण

विधुत धनात्मक,मिश्र धातु निर्माण

### उपयोग

ट्रांजिस्टर निर्माण, सोलर सेल ,सीमेंट ,चीनीमिट्टी के बर्तन


Anu priya




# भारत के लिए टी-20I में सबसे ज्यादा विकेट

| प्लेयर | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 61 | 97 |
| युजवेंद्र चहल | 80 | 96 |
| भुवनेश्वर कुमार | 87 | 90 |
| जसप्रीत बुमराह | 70 | 89 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय बालिका दिवस
24 जनवरी
की समस्त बालिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


उत्तर प्रदेश
के स्थापना दिवस की
शुभकामनायें
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
24 जनवरी
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

24 जनवरी

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री

'भारत रत्न'

# कर्पूरी ठाकुर

की जयंती पर सादर नमन

24 जनवरी 1924 - 17 फरवरी 1988





www.teachersofbihar.org

Punita Kumari



24 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
संस्कृति, धर्म, ज्ञान, अद्वितीय
शौर्य एवं त्याग की धरा
उत्तर प्रदेश
के
स्थापना दिवस
की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पुनीता कुमारी
www.teachersofbihar.org


24 जनवरी
अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस
की सभी को शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



# जयंती पर नमन

**24 जनवरी 1924-17 फरवरी 1988**

# कर्पूरी ठाकुर

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


24 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
SAVE GIRL
राष्ट्रीय बालिका दिवस
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR

*The Change Makers*




हमारी देवी स्वरुपी बेटियां को

# राष्ट्रीय बालिका दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari